# क्षणिक भर का गुस्सा कर देता है जीवन बर्बाद, गुस्से को काबू में रखना सीखें : डॉ. अग्रवाल



कोटा सेन्ट्रल जेल परिसर में मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते अपराध विषय सेमीनार को डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने संबोधित किया।

■ रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा जेल में मेंटल हेल्थ पर सेमीनार का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा कोटा सेन्ट्रल जेल परिसर में मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते अपराध विषय सेमीनार का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एमएल अग्रवाल रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब की प्रांतपाल डॉ.प्रज्ञा मेहता, रोटरी डिस्ट्रिक 3056 के सचिव प्रीतम गोस्वामी, जोन कॉर्डिनेटर सुरेन्द्र अग्रवाल, रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के बोर्ड डायरेक्टर डॉ.अरूण उपाध्याय, जेल सुप्रिटेंडेंट सुरेश कुमार मंचासीन रहे।

इस अवसर पर वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एम.एल.अग्रवाल ने कहा कि गुस्सा एक तरह से मानसिक विकृति है, जो कुछ सैकंड के लिए आता है और इसी गुस्से में आकर कुछ लोग हत्या जैसे अपराध तक कर डालते हैं, और जब उनका मन शांत हो जाता है तब तक सिवाय पछताने के कुछ नहीं बचता। यह विचार वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.एमएल अग्रवाल ने रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा कोटा जेल में मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते अपराध विषय सेमीनार में अपराधियों के समक्ष व्यक्त किये।

डॉ.अग्रवाल ने कहा कि क्षणिक भर का गुस्सा लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देता है, अपराधी जेल जाता है और पीड़ित अस्पताल या फिर जिंदगी से हाथ धो बैठता है। ऐसे में हमें अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिऐं। इसके लिए उन्होंने कई एक्सपर्ट सुझाव भी दिये।

जिसमें गुस्सा आने पर मन को शांत रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि किसी से कोई बहस या झगड़े की स्थिति हो तो उस परिस्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देकर मन को शांत रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुस्से और मन को शांत रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, इसके लिए अपने जीवन में योग और प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं। साथ ही एक अच्छा और अनुशासित जीवन जीने का विचार हमेशा अपने मन में रखें।

विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब की प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने कहा कि हमें किसी भी तरह का अपराध करने से पहले अपने माता-पिता, पत्नि, बच्चों और भाईयों के बारे में भी सोचना चाहिए, क्षणभर के गुस्से से जो अपराध हम कर देते हैं, उसकी सजा हमारे साथ उन सभी को भी जीवनभर भुगतनी पड़ती है, जिससे उन्हें आर्थिक, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती हैं।

इस अवसर पर रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने कहा कि रोटरी क्लब कोटा नोर्थ द्वारा वर्षभर ऐसे जनउपयोगी कार्यक्रम, संगोष्ठियां आयोजित समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया जाता रहेगा। उन्होंने जीवन में अच्छा और बुरा दौर आना यह जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन हमने अपने मन को मजबूत बना लिया तो यह मन और गुस्सा हमें विचलित नहीं कर सकता।

इसलिए हमेशा सहज और सरल भाव मन में रखना चाहिए। रोटरी डिस्ट्रिक 3056 के सचिव प्रीतम गोस्वामी, जोन कॉर्डिनेटर सुरेन्द्र अग्रवाल, रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के बोर्ड डायरेक्टर डॉ. अरूण उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में जेल सुप्रिटेंडेंट केंद्रीय कारागृह के उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुरेश पुरोहित ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन जेल में सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।

# शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

**रामगंजमंडी,** (निसं)। कृषि उपज मंडी स्थित ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन भवन में एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्वस्तरीय थायरोकेयर लेब मुंबई द्वारा 5 दिवसीय संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर का बुधवार को शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी समिति रामगंजमंडी के सचिव जवाहर लाल नागर, विशिष्ट अतिथि मदनलाल गुप्ता, ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश धाकड़, उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, सचिव योगेश दलाल, सह सचिव लड्डू लाल बैसला, शिविर संयोजक महावीर इंटरनेशनल अपेक्स पदाधिकारी निर्मल सिंघवी, मयंक सावला, राजकुमार पारख, मनीष सिंघल, मांगीलाल श्रृंगी, सुनील शाह, ललित अहीर, मनोज चौधरी, लाला पाटीदार, विष्णु गुप्ता, ओम गुप्ता, गोपाल गुप्ता, संजय जैन, प्रेमचंद गुप्ता, मोहन अहीर, रेवा शंकर पाटीदार, बीनू गुप्ता, अरविंद पंडित, जगदीश चारभुजा, आशीष गुप्ता व सबीर भाई सहित कई प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में किया गया।

सचिव योगेश दलाल ने बताया कि अतिथियों द्वारा प्रथम पूज्यनीय भगवान गणेश जी, सेवा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर स्वामी व राम दरबार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित वक्ताओं ने पहला सुख निरोगी काया बताते हुए शिविर को घर बैठे गंगा आने जैसा बताया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इसका अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

वहीं अध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने आयोजकों को सेवा के नए नए आयामों की बधाई देते हुए रामगंजमंडी में विशाल जांच शिविर आयोजित कराकर यहाँ के जनसमूह को लाभ दिलाने हेतु आभार जताया।

गौरतलब है कि पहली बार लगे इस शिविर का आमजन में खासा उत्साह है। वहीं थायरोकेयर लेब मुंबई की विश्वशनीयता व उच्च गुणवत्ता की रिपोर्ट ध्यान आकर्षित होने को विवश कर देती है।

शिविर में जांचों के लाभ की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया की शिविर में जांचों के लाभ हेतु प्रातः 6 बजे से 12 बजे के मध्य शिविर स्थल कृषि उपज मंडी स्थित ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन भवन भूखे पेट आना होगा।

जहां मात्र एक ब्लड सैंपल से पूरे शरीर की करीब 70 जांचे रियायत दर में करके हेल्थ एक्सपर्ट द्वारा परामर्श दिया जाएगा। पूरे शरीर की करीब 70 जांचे मात्र एक ब्लड सैंपल से की जाएगी।

## चोरी का मामला दर्ज

**छबड़ा** (निसं)। खजूरी निवासी पवीताबाई ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 28 मई को वह उसके पति सोनू के साथ रंगपुरा रेलवे लाइन के पास बकरियां चरा रही थी, तभी रंगपुरा भूलोन निवासी नुआदा बंजारा शराब के नशे में आया और पांच बकरियां व दो बकरों को पिकअप में भरकर चुराकर ले गया।

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा सूचना दिनांक– 05.08.2025
भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि. म.वि.इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई–निविदा आमंत्रित करता है। निविदा संख्या एवं कार्य का नाम : ईएल/टीआरडी/50/17 (2025–26)– प्रविशन ऑफ इलेक्ट्रिफिकेशन ऑफ 02 गुड्स लाइन एट BTE एंड 200.मीटर–लॉन्ग HSD साइडिंग एट कोटा, कार्य की अनुमानित लागत : 57,55,148.90/-, निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः दिनांक 28/08/2025 को 15:30 बजे। वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सके: http://www.ireps.gov.in वरि.म.वि.इंजी (क.वि.)कोटा प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे, कोटा ऑफर केवल ई–टेंडरिंग के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेगें। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिंग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं हैं निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्ते अवश्य पढ़ लें। (हस्ता)
कृते वरि.म.वि.इंजी (क.वि.)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
निविदा आमन्त्रण सूचना दिनांक– 01.08.2025
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, विद्युत लोको शैड, तुगलकबाद नई दिल्ली–44, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्या हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनकी बंद होने की तिथि समय क्रमशः 25.08.2025 है। निविदाकार बंद होने की तिथि व समय तक अपने मूल सशोधित अपनी निविदा ऑफर जमा कर सकते हैं। मैन्यूवल निविदा आूफर स्वीकार्य नहीं हैं। विवरण इस प्रकार है:– निविदा संख्या : टीकेडी–20–2025, कार्य का नाम व स्थान : "श्री फेज लोकोमोटिव के कैब में एयर कंडीशनर का रेट्रोफिटमेंट एवं कैब में थर्मल इंसुलेशन का प्रावधान"।, मात्रा : शेडयूल ऑफ रेट्स के अनुसार, अनुमानित लागत (रु. मे): 82563304.04, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. मे) : शून्य, बयाना राशि (रु. मे): 562800/–, समापन अवधिः 18 माह, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय : 25/08/2025 को 15:30 बजे., नोट:– 1. ई–निविदा प्रपत्र एवं ई निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेवसाईट www.ireps.gov.in. पोर्टल पर उपलब्ध हैं, 2. इस ई टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है तो भी वह मान्य नहीं होगा।, 3. इस टेडर से सम्बंधित कोई आवश्यक संशोधन यदि जरुरी हो तो बेवसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है।, 4. टेंडरर (निविदादाता) के पास क्लास–III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट, तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। (हस्ता)
कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस तुगलकाबाद, पश्चिम मध्य रेलवे, नई दिल्ली
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# कांग्रेस ने स्कूली बच्चों को हेलमेट पहनाकर जर्जर भवनों पर विरोध जताया

**कोटा,** (निसं)। शहर के श्रीनाथपुरम-सी स्थित सरकारी स्कूल की जर्जर अवस्था को देखकर राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम की अगुवाई मे यहां झालावाड़ जैसा हादसा ना हो इसलिए सांकेतिक रूप से सरकार को चेताया और बच्चों को हेलमेट पहनाया, जिससे हादसा होने की स्थिति में बच्चों के सिर पर चोट नहीं लगे। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि 25 जुलाई को झालावाड़ जिले मे हृदय विदारक हादसा हुआ लेकिन फिर भी सरकार की आंखे नहीं खुली अभी तक राजस्थान के सरकारी विद्यालयों में मरम्मत कार्य अभी तक शुरू नहीं किए गए। सरकार की इस दशा को देखते हुए लगता है कि बच्चों को अपनी सुरक्षा खुद ही करनी पड़ेगी सरकार के भरोसे रहे तो जान देने के लिए तैयार होना पड़ेगा।

राखी गौतम ने बताया की इस सरकारी स्कूल मे कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं पढ़ती है। विद्यालय मे छोटे-छोटे मासूम बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं लेकिन उनके सर पर जान लेने वाला साया मंडरा रहा है। कक्षाओं की छतों से प्लास्टर गिर चुका है सरिये तक नजर आने लगे है लेकिन फिर भी सरकार सो रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है की खुद शिक्षा मंत्री कोटा के निवासी है फिर भी एसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

राखी गौतम ने सवाल किया की केवल सरकारी स्कूलों में जाकर फीता काटना, समारोह में जाकर मंच पर बैठकर भाषण देने से स्वागत करवाने से, क्या इनसे बच्चों की जान बच पाएगी। शिक्षा मंत्री एक बार तो सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण करके तो देखे क्या स्थिति हो गई हैं। झालावाड़ जिले मे सात मासूमों की मौत के अगले दिन ही फूलों-मालाओं से शिक्षा मंत्री खुद का स्वागत करवा रहे थे। साथ ही मीडीया पर बयान देते है कि 'मैं अपनी जेब से पैसा दूं क्या'। जबकि ऐसी स्थिति में स्कूली बच्चों के साथ खिलवाड़ होता है तो जेब से भी पैसे देने पड़े तो देने चाहिऐं। स्थानीय पार्षद अनुराग गौतम ने कहा की आज हम सब कॉंग्रेस के पदाधिकारियों ने सरकारी स्कूल मे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को हेलमेट दिए है जिससे की स्कूल मे पढ़ते बच्चे घटना के दौरान खुद को सुरक्षित रख सके। क्योंकि सरकार मे सरकार में बैठे प्रतिनिधियों की आंखे बंद हैं, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सुरक्षित करने के प्रति ध्यान नहीं है केवल भ्रमण करने में व्यस्त है या फिर पर्ची सरकार इस हृदय विदारक हादसे के बाद भी दिल्ली से आने वाली पर्ची का इंतजार कर रही है। इस दौरान स्थानीय पार्षद अनुराग गौतम, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम, प्रफुल्ल पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष जयेश श्रृंगी, जिला कॉंग्रेस कमेटी पदाधिकारी दीपक नागर, योगेश विजय, मंडल अध्यक्ष मनीष भारद्वाज, प्रेमराज पालीवाल, धर्मवीर मेघवाल, शहजाद खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा, यूथ कॉंग्रेस पदाधिकारी स्वप्निल शर्मा, आशीष गुर्जर, सहित श्याम गौतम भवानी शंकर गुर्जर, छात्रसंघ अध्यक्ष अर्पित जैन, जगदीश मेहरा, गौरव योगी, हिमांशु राउत, मोहित नामा, अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामगंजमण्डी नगरपालिका बोर्ड की बैठक सम्पन्न, हंगामेदार रही बैठक की शुरुआत

■ सभी विकास कार्यों के एजेंडे पूर्ण बहुमत से पारित हुए

**रामगंजमंडी,** (निसं)। नगरपालिका बोर्ड रामगंजमंडी की साधारण सभा की बैठक पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल की अध्यक्षता में नगरपालिका सभाभवन में सम्पन्न हुई। बैठक में पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, नई योजनाओं को लागू करने और नागरिक सुविधाओं में सुधार हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक शुरुआत में ही विवादों से घिर गई। पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल भाजपा का दुपट्टा पहनकर बैठक में पहुंचे। बैठक शुरू होते ही नरेन्द्र राठौर सहित कांग्रेसी पार्षदों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड मीटिंग है या कोई राजनीतिक मंच। हम भी कांग्रेसी दुपट्टा गले लटका आएं। हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष को दुपट्टा उतारना पड़ा।

इसके बाद भी सदन का माहौल गर्म रहा। बैठक के दौरान कांग्रेस और भाजपा पार्षदों सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गौतम व वर्तमान पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल के बीच भी जमकर बहस हुई।

पालिकाध्यक्ष मेड़तवाल ने बताया कि कांग्रेस पार्षदों ने कुछ समय के लिए हंगामा करने का असफल प्रयास तो किया, लेकिन सभी एजेंडों को पूर्ण बहुमत के साथ पारित भी कर दिया।

बैठक में स्वच्छता और सड़कों का सुधार पालिका क्षेत्र में सड़कों के सुधार, मरम्मत और डामरीकरण के कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, आवश्यक क्षेत्रों में नयी सड़कों के निर्माण और प्रमुख मार्गों को आधुनिक स्वरूप देने के प्रस्ताव पारित किए गए, साथ ही, स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों के उपयोग पर विचार किया गया, शहर में स्ट्रीट लाईट्स के विस्तार, खराब लाईट्स के सुधार और जल भराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर भी निर्णय लिया गया।

शहर के ऐतिहासिक तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिए विशेष योजना तैयार कर उनके विकास कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया, जनसुविधाओं को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक नये भवनों के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई, ग्राम हनुमन्तखेड़ा में श्मशान भूमि के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्णय भी लिया गया, नए विकसित कॉलोनियों में पेयजल, सड़क, विद्युत आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पारित किए गए, नगर नियोजन के अनुसार भूमि उपयोग एवं अन्य नियमों के अनुसार आवश्यक स्वीकृतियाँ देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 40 में से लगभग 28 पार्षद उपस्थित तथा 09 अनुपस्थित रहे। वहीं तीन पार्षद देवीलाल सैनी, रमेश मीणा व जसविंदर सिंह विक्की स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पूर्व में निलंबित किए जा चुके हैं।

## दो अवैध देशी कट्टा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने नाकांबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए दो अवैध देशी कट्टा मय दो जिंदा कारतूस सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बोरखेड़ा थाने के थानाधिकारी देवेश भारद्वाज व थाने की उपनिरीक्षक ज्योति मौर्य के नेतृत्व में टीम ने सूचना पर इलाके में नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए कार को रोककर तलाशी ली तो वारदात करने की फिराक में घुम रहे तीन आरोपियों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया, पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए कार को भी जब्त कर लिया। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए जिला श्योपुर मध्यप्रदेश के ग्राम सोई कलां निवासी गोविन्द रजक (19), जिला श्योपुर के कलवीर सिंह (25) एवं जिला श्योपुर के तेजराज वैष्णव (35) को अवैध हथियार दो देशी पिस्टल मय दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

# लोकसभा अध्यक्ष का अभिवादन किया


संसद में लोकसभा अध्यक्ष से मुलाक़ात कर उनका अभिवादन किया गया है।

**कोटा,** (निसं)। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय मीटिंग 26 राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति व राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया तथा राष्ट्रीय महामंत्री दिल्ली चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल की अध्यक्षता मे आयोजित हुई।

विकसित भारत और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर, कैट द्वारा सम्पूर्ण भारत देश मे 10 अगस्त 2025 से, 'भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान' अभियान का आगाज किया गया जिसके लिये सभी राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने पूर्ण जोश के साथ शपथ ली और इस मुहिम को सफल बनाने का वचन दिया।

इस अवसर पर लोकसभा की कार्यवाही तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने व्यापार जगत को संबोधित किया। कैट वीमेन विंग कोटा की महिला अध्यक्ष नीलम विजय ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स में भारतवर्ष से बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने भाग लिया और इस घोषणा का समर्थन किया और कहा कि हम घर-घर जाकर भारतीय सामान-हमारा स्वाभिमान अभियान को सफल बनाएंगे।

नीलम विजय ने बताया कि दो दिवसीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय महिला उद्यमियों के लिए भी लिए गए और इसी को आगे बढ़ाते हुए 15 व 16 सितंबर को नागपुर में बड़ा महिला अधिवेशन होगा जिसकी तैयारियों के लिए महिलाओं की कोर टीम बनायी गई है जो कि पूरे भारत वर्ष से सभी महिला उद्यमियों को जोड़कर नागपुर पहुँचने का आव्हान करेगी।

इसी दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी महिला व्यापारियों की मुलाकात कर अभिवादन किया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि कही ऐसी योजनाएं हैं जो महिलाओं को आर्थिक संबल व स्वावलंबन की ओर ले जाती है और आप सभी महिला उद्यमियों को लाभ मिले ऐसा कार्य करें जिससे हर वर्ग की महिला को मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही है उन योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रयास करें।

# अवैध हथियार पिस्टल व देशी कट्टा का सप्लायर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार देशी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मामले में गिरफ्तार आरोपी से अनुसंधान के बाद कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार सप्लाई करने वाले सप्लायर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध हथियार रखने वाले एवं सप्लाई करने वालों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाने के सहायक उपनिरीक्षक धनराज मीणा ने इलाके में गश्त के दौरान पूर्व मे कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा सहित आफाक हुसैन उर्फ आशिक हुसैन (22) को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि अवैध हथियार सहित पकड़े गये आरोपी ने अनुसंधान में अवैध हथियार यशवंत उर्फ राजा केवट से खरीदने की बात कही, पकड़े गये आरोपी आफाक हुसैन से अनुसंधान पूरा होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। शहर एसपी ने बताया कि हथियार सप्लायर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरवजिन में कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार सप्लायर रामचन्द्रपुरा बालिता रोड़ निवासी यशवंत उर्फ राजा केवट (25) को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि आरोपी यशवंत उर्फ राजा केवट के विरूद्व पूर्व में 27 अपराधिक प्रकरण दर्ज है, जिसमें हथियार सप्लाई, हत्या के प्रयास, लूटपाट, फायरिंग, अवैध हथियार रखना, धमकी देना, मारपीट के संगीन मामले दर्ज है।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक : एफ 11/विक्रय/2025/1946 दिनांक : 15.07.2025
**नाम हस्तांतरण स्वीकृति चाहने बाबत् आम सूचना**
कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास / भूखण्ड संख्या I-17, देव नारायण नगर आवासीय योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 68 दिनांक 30.05.2023 द्वारा श्री रामकरण पुत्र श्री भूरालाल को आवंटित किया गया था। श्री रामकरण की मृत्यु दिनांक 05.08.2024 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात् रामकरण के विधिक वारिसान के द्वारा श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री रामकरण के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हक त्याग ग्रहिता श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री रामकरण के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त आवास / भूखण्ड संख्या I-17 देवनारायण नगर आवासीय योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री रामकरण के नाम से जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/876 विज्ञप्ति दिनांक:-6.8.2025
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना वैशाली नगर खसरा नं. 82 में स्थित भूखंड संख्या 24 आवेदक/आवेदिका श्री बिलाल अहमद पुत्र श्री बफाती खान निवासी गांव हीरापुर तहसील किशनगंज जिला बारां हाल ए-10 चित्रेश नगर बारां रोड बोरखेडा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 10700 दिनांक 12.12.2011 को श्री पवन कुमार वधवा पुत्र श्री मदनलाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29.10.2013 को जर्ये मुख्तारआम जावेद अली पुत्र श्री तुफैल मोहम्मद द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।
अत: श्री बिलाल अहमद पुत्र श्री बफाती खान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 1220 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.8.25
आवास संख्या 4-बी-10 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती प्रेमलता गौड़ पत्नी श्री वेदप्रकाश शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती प्रेमलता गौड़ पत्नी श्री वेदप्रकाश शर्मा द्वारा दिनांक 23.10.2007 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती प्रेमलता गौड़ पत्नी श्री वेदप्रकाश शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 24.10.2007 को श्रीमती कविता विजय पत्नी श्री पवन विजय को किया गया। श्रीमती कविता विजय पत्नी श्री पवन विजय द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 25.10.2007 को मुख्तार आम आलेखित कर श्री राजेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री राजेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल मुख्तार आम श्रीमती कविता विजय पत्नी श्री पवन विजय द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.06.2009 को श्री रवि प्रकाश कुँवल पुत्र श्री आत्माराम को किया गया। श्री रवि प्रकाश कुँवल पुत्र श्री आत्माराम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-बी-10 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रवि प्रकाश कुँवल पुत्र श्री आत्माराम का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रवि प्रकाश कुँवल पुत्र श्री आत्माराम का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रवि प्रकाश कुँवल पुत्र श्री आत्माराम के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

# नकली खाद की सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी डिटेन

■ चौंप गांव में तैयार होते थे नकली डीएपी के कट्टे

**छबड़ा** (निसं)। छबडा क्षेत्र में नकली डीएपी की सप्लाई के मामले में पुलिस ने बुधवार को नकली खाद सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को झोटवाडा जयपुर से डिटेन कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर छबडा के लिए रवाना हो गई है।

पाली थानाधिकारी विष्णु प्रसाद गौत्तम ने बताया कि काबरखोह गांव में दिलखुश मीणा द्वारा जयपुर से नकली आईपीएल डीएपी खाद के कट्टे लाकर किसानों को बेचे जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में दिलखुश की निशानदेही पर जयपुर सांगानेर वाटिका रोड पर स्थित बालाजी खाद बीज भंडार के संचालक कृष्ण कुमार शर्मा को डिटेन कर कडी पूछताछ की तो उसने जयपुर झोटवाडा गणेश नगर कालोनी में रहने वाले नंद किशोर गुप्ता से नकली डीएपी के कट्टे की सप्लाई मिलने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी गुप्ता को भी डिटेन कर लिया।

**चौंप गांव में तैयार होते थे नकली डीएपी के कट्टे:-** पाली थानाधिकारी गौत्तम के अनुसार नंदकिशोर गुप्ता जयपुर में ही दवाईयों की फेक्ट्री में नौकरी करता है। यह लोग कच्चा माल लाकर दौलतपुरा थाना क्षेत्र के चौंप गांव में किराए के मकान दुकान पर रखते थे, यहां आईपीएल डीएपी के कट्टे लाकर कच्चा माल भरकर डीएपी के रुप में खाद की बिक्री पूरे राज्य में करते थे। चौंप निवासी दो तीन व्यक्ति भी इस कार्य में सहयोग करते थे।

पुलिस दोनों आरोपियों को छबड़ा लाकर गिरफ्तारी दर्ज कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई करेगी। यह गिरोह कब से नकली डीएपी तैयार कर रहा था और कहां-कहां बेचान करता था। कच्चा माल कहां से मंगवाते थे, पुलिस इस दिशा में भी गहन अनुसंधान करेगी।

# सीसीआई की कार्यकारिणी के गठन के बाद हुई बैठक


सीसीआई की कार्यकारिणी के गठन में पदाधिकारी ने सदस्य को नियुक्ति पत्र दिये।

**कोटा,** (निसं)। सीसीआई कोटा टीम की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सीसीआई की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़ ने बताया कि कार्यकारिणी के गठन के बाद कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बैठक की गई।

एडवोकेट ज्योति गौड़ ने बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रदेश सचिव लक्की गोयल ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही अखिल राजस्थान उपभोक्ता महासंघ के जिला अध्यक्ष और सीसीआई के सचिव मनोज विजय ने सभी का स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनायें दी। एडवोकेट ज्योति गौड़ ने बताया कि आयोजित बैठक में जिला महासचिव राकेश यादव ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के विषय में सभी को अवगत कराया गया। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सुमन ने नेशनल चेयरमैन डॉ.अनंत शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीती पांड्य और प्रदेश कार्यकारिणी और सभी टीम मेंबर्स धन्यवाद ज्ञापित कर अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर उपभोक्ता हितो मे कार्य करने का प्रण लिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के संभाग प्रभारी अर्चना राजावत, संयोजक उमर सीआईडी, जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार पीराना, सचिव में जगदीश मीणा, मकसूद अली, तारकेश्वर, संयुक्त सचिव शबनम, अमन सिंह मीणा इत्यादि मौजूद रहे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**
क्रमांक 1215 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6.8.25
आवास संख्या 3/285 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती कमला सिसोदिया पत्नी श्री सूरजमल सिसोदिया को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री तिलक राज पुत्र श्री रोचीराम के नाम दिनांक 31.07.2013 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री तिलक राज पुत्र श्री रोचीराम द्वारा दिनांक 25.09.2013 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री तिलक राज पुत्र श्री रोचीराम द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.04.2015 को श्री निशिथ शर्मा पुत्र श्री हरिकृष्ण शर्मा को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री निशिथ शर्मा पुत्र श्री हरिकृष्ण शर्मा की मृत्यु दिनांक 10.01.2024 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सुरेखा शर्मा की मृत्यु दिनांक 31.05.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री निशांत शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने 1/3 अविभाजित हिस्से का रिलीज डीड अपने भाई श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के पक्ष में करने हेतु श्रीमती नमिता शर्मा पत्नी श्री नितिन शर्मा के पक्ष में दिनांक 08.05.2025 को मुख्तार आम दी गई। इसी प्रकार इनके वारिसानों में श्री निर्मिश शर्मा पुत्र स्व. श्री निशिथ शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने 1/3 अविभाजित हिस्से का रिलीज डीड अपने भाई श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के पक्ष में करने हेतु श्रीमती नमिता शर्मा पत्नी श्री नितिन शर्मा के पक्ष में दिनांक 15.04.2025 को मुख्तार आम दी गई। तत्पश्चात मृतक के वारिसानों में श्रीमती नमिता शर्मा पत्नी श्री नितिन शर्मा मुख्तार खास श्री निशांत शर्मा पुत्र स्व. श्री निशिथ कुमार शर्मा एवं श्री निर्मिश शर्मा पुत्र स्व. श्री निशिथ शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 13.05.2024 को श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के पक्ष में किया गया। श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3/285 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मुख्तार नामा खास एवं रिलीज डीड के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।
अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मुख्तार नामा खास एवं रिलीज डीड के आधार पर श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री नितिन शर्मा पुत्र स्व. श्री निशीथ शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा